NEWS18 हिंदी

सरसों का तेल खाने वाले सावधान! बड़े ब्रांड के नाम पर हो रहा धोखा, नकली फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

मोतिहारी के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के रामपुर खजुरिया में पुलिस ने नकली घरेलू उत्पाद बनाने और उन्हें बाजार में बेचने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. कार्रवाई में भारी मात्रा में शहद, फॉर्च्यून तेल, सरसों तेल, खाली बोतलें, स्टीकर और नकली तेल जैसी सामग्री बरामद हुई. पुलिस को जानकारी मिली थी कि स्थानीय लोग नकली उत्पाद खरीद रहे थे, जिसके बाद शिकायत मिली. सूचना के आधार पर डुमरिया घाट पुलिस ने छापा मारकर नकली उत्पाद और पैकिंग सामग्री जप्त की. इस मामले में विनोद सिंह के किराए की दुकान को भी सील कर दिया गया.

Source: https://hindi.news18.com/videos/motihari/mustard-oil-consumers-beware-fraud-in-the-name-of-major-brands-fake-factory-busted-10118167.html